मूल्य : 4/- रुपए, पृष्ठ : 8 RNI No. MPHIN/2023/88328 साप्ताहिक समाचार पत्र

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

वर्ष : 4 अंक : 14 इंदौर : 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक

खबरों की रील देखने के लिए स्कैन करें

@READERS.OPINION

readersopinionofficial



डिजिटल मीडिया में 'रीडर्स ओपिनियन' का दबदबा, गरबा महोत्सव में सम्मान, हर महीने 5 करोड़ व्यूज का रिकॉर्ड

इंदौर। मध्य प्रदेश के डिजिटल मीडिया परिदृश्य में अपनी खोजी पत्रकारिता और त्वरित सटीक खबरों के लिए पहचान बना चुका न्यूज़ प्लेटफॉर्म 'रीडर्स ओपिनियन' लगातार सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। हाल ही में आयोजित प्रतिष्ठित मातृशक्ति गरबा महोत्सव में इंदौर के इस सबसे तेज़ न्यूज़ चैनल को उत्कृष्ट पत्रकारिता और जन-सरोकार से जुड़ी रिपोर्टिंग के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चैनल की ओर से मंदार गांगराडे ने मंच पर यह सम्मान स्वीकार किया।

परंपरागत मीडिया घरानों के बीच महज कुछ ही समय में अपनी निष्पक्ष पहचान स्थापित करने वाला यह चैनल आज 2 लाख से अधिक फॉलोअर्स का भरोसा बन चुका है। डेटा एनालिटिक्स और व्यूअरशिप आंकड़ों के दृष्टिकोण से 'रीडर्स ओपिनियन' मध्य प्रदेश के अन्य क्षेत्रीय चैनलों की तुलना में एक अभूतपूर्व मिसाल कायम कर रहा है। ● शेष पेज 2 पर

तालाब सूखे, नर्मदा से पानी सप्लाई के बावजूद इंदौर में जलसंकट की आहट



इंदौर। इंदौर और आसपास दर्जनों तालाब-झीलें फैली हैं। नर्मदा का पानी जलूद (मंडलेश्वर के पास) से पाइपलाइन के जरिए शहर पहुंचने से पहले ये ही प्रमुख जल स्रोत थे। यशवंत सागर, बिलावली, पिपलि-यापाला, सिरपुर, लिंबोदी जैसे तालाब होलकर काल से लेकर स्वतंत्रता के बाद तक शहर की प्यास बुझाते रहे। आज नर्मदा मुख्य आपूर्ति का आधार है, लेकिन पारंपरिक जल निकाय अभी भी भूजल रिचार्ज और स्थानीय आपूर्ति के लिए अहम बने हुए हैं।

इस साल मानसून ने निराश किया। शहर में सामान्य से करीब 27 प्रतिशत कम बारिश हुई। नतीजा बिलकुल साफ दिख रहा है। यशवंत सागर अपनी 19 फीट क्षमता के मुकाबले 16-17 फीट पर अटका है। बड़ा बिलावली 34 फीट की जगह महज 12 फीट पानी समेटे हुए है। छोटा बिलावली और लिंबोदी लगभग सूख चुके हैं। पिपलियापाला में 22 फीट के मुकाबले सात फीट ही बचा है। सिरपुर तालाब में भी जलस्तर कम है। यहाँ हम आपको यह बता दें की यशवंत सागर जैसे बड़े जलाशयों के स्तर में सामान्य से कुछ ही कमी दिख रही है पर वास्तविकता में जलस्तर काफी काम होता है क्योंकि काफी लम्बे समय से उसमे से गाद नहीं निकाली गई है।

ये तस्वीरें सिर्फ आंकड़े नहीं, जमीनी हकीकत हैं। नगर निगम ने नवंबर से अप्रैल के बीच यशवंत सागर और बिलावली को नर्मदा-गंभीर लिंक के जरिए दो बार भरने की योजना बनाई है। ● शेष पेज 2 पर

इंदौर में जल संकट की साफ चेतावनी है ये घटना, पाइप से कार धोने पर 5000 का जुर्माना

इंदौर। इंदौर में इस साल सामान्य से करीब 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जिले में मानसून अवधि में मात्र 633 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई, जबकि औसत 868 मिलीमीटर होता है। नतीजा, नगर निगम के सैकड़ों ट्यूबवेल पहले ही सूख चुके हैं और आने वाले महीनों में पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रशासन चिंतित है।



इसी चिंता का ताजा उदाहरण 18 अक्टूबर सुबह देखने को मिला। स्कीम नंबर 103 केसरबाग रोड स्थित संघवी बेल्ट में एक रहवासी द्वारा पाइप से कार धोए जाने पर नगर निगम टीम ने मौके पर पांच हजार रुपये का चालान काट दिया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हाल ही में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पेयजल से वाहन धोने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी नागरिकों से पानी की बूंद-बूंद बचाने की अपील की है। ● शेष पेज 2 पर



डीएवीवी स्कूल ऑफ एजुकेशन की जर्जर इमारत में पढ़ने को मजबूर हैं छात्र

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन की बिल्डिंग की हालत चिंताजनक हो चुकी है। टूटे कांच, झड़ता प्लास्टर और कमजोर छत साफ बता रहे हैं कि रखरखाव की पूरी तरह अनदेखी हो रही है। विभाग छात्रों से लाखों रुपये फीस वसूलता है, फिर भी बुनियादी मरम्मत नजर नहीं आती।

विभाग प्रमुख से जब इमारत की खराब हालत पूछी जाती है, तो जवाब तयशुदा होता है, "नया भवन जल्द तैयार हो जाएगा, हम वहां शिफ्ट हो जाएंगे।" लेकिन अगर छत या दीवार का कोई हिस्सा किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी पर गिर जाए तो जिम्मेदारी कौन लेगा? ● शेष पेज 2 पर



बैटरी चोरी मामला, 'रीडर्स ओपिनियन' की खबर के कारण पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

महू। महू थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी कही जाने वाली गिरनार सिटी में कुछ दिन पहले हुई ई-रिक्शा और वाहनों की बैटरी चोरी की वारदात का आखिरकार पर्दाफाश हो गया है। इस सनसनीखेज मामले को 'रीडर्स ओपिनियन' ने प्रमुखता से और ग्राउंड रिपोर्ट के साथ वीडियो फुटेज के आधार पर उजागर किया था, जिसके बाद पुलिस ने उक्त वीडियो के आधार पर अनुसंधान किया और उसी के आधार पर चोर को पकड़ लिया। हमारी पड़ताल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हरकत में आई महू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को धर दबोचा है। ● शेष पेज 2 पर

मूसाखेड़ी फ्लाईओवर अधूरा, रोजाना जाम से परेशान होते हैं हजारों यात्री

इंदौर। इंदौर के रिंग रोड पर स्थित मूसाखेड़ी चौराहा पिछले कई महीनों से यातायात के लिए मुश्किल भरा बना हुआ है। यहां बन रहा करीब 780 मीटर लंबा और छह लेन का सिंगल पिलर फ्लाईओवर अभी भी अधूरा है। लगभग 67 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक 85 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है, लेकिन बाकी हिस्से और सर्विस रोड की व्यवस्था न होने से रोजाना हजारों वाहन चालक लंबे जाम का सामना कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अधीन चल रहे इस निर्माण की मूल समय-सीमा मार्च 2026 थी। तकनीकी बाधाओं, यूटिलिटी शिफ्टिंग, अतिक्रमण हटाने और जमीन संबंधी मुद्दों के कारण यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। हाल ही में एक धर्मस्थल को शिफ्ट किए जाने के बाद सर्विस रोड का रास्ता कुछ हद तक साफ हुआ है, फिर भी नीचे की सड़क पर गड्ढे, मलबा और अव्यवस्थित डायवर्जन आम बात हैं।



स्थानीय निवासी बताते हैं कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में यहां 30 से 45 मिनट तक फंसा रहना सामान्य हो गया है। रिंग रोड का यह हिस्सा शहर के महत्वपूर्ण मार्गों को जोड़ता है, इसलिए जाम का असर आसपास के इलाकों तक पहुंच जाता है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों भुजाओं को जोड़ने का काम चल रहा है और दिसंबर तक वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकती है। ● शेष पेज 2 पर

धार रोड पर चार्टर्ड बस ढाबे में घुसी, ड्राइवर घायल

इंदौर। इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में धार रोड पर रविवार सुबह करीब सात बजे एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने शेरे पंजाब ढाबे में जा घुसी। धार से इंदौर आ रही बस का ड्राइवर पेट्रोल पंप के पास नियंत्रण खो बैठा और बस दीवार तोड़कर किचन तक पहुंच गई। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं।



गनीमत रही कि उस समय ढाबा बंद था और अंदर केवल कुछ कर्मचारी सो रहे थे, जो शोर सुनकर बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला। चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में एक अन्य बस के अचानक यू-टर्न लेने की आशंका भी सामने आई है। चंदन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। धार रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर ऐसी घटनाएं सड़क सुरक्षा की चुनौती को फिर रेखांकित करती हैं।

त्योहारों को लेकर इंदौर पुलिस अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

इंदौर। इंदौर में आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखते हुए महिला सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल और सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही ड्रोन कैमरों के जरिए भी निगरानी की जा रही है।



पुलिस ने धार्मिक पंडालों और संवेदनशील क्षेत्रों में शक्ति मोबाइल के साथ महिला बल को सादे वेश में तैनात कर लगातार चेकिंग शुरू कर दी है। भीड़भाड़ वाले हॉटस्पॉट और बाजारों में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। सेक्टर मोबाइल पार्टियां सक्रिय हैं। जिन स्थानों और छतों तक सर्चिंग टीम आसानी से नहीं पहुंच पाती, वहां ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है। आपत्तिजनक वीडियो, मारपीट या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट पर तुरंत संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सतत पेट्रोलिंग और निगरानी अभियान जारी रहेगा। इसका उद्देश्य शहर में शांति बनाए रखना और नागरिकों को सुरक्षित माहौल में उत्सव मनाने का अवसर देना है। पुलिस की यह बहुआयामी तैयारी त्योहारों को निर्विघ्न मनाने में सहायक सिद्ध होगी।



त्यौहारी सीजन पर इंदौर में सख्त हुआ प्रशासन, मिलावटखोरों पर नकेल और पटाखा दुकानों पर पैनी नजर

इंदौर। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर इंदौर प्रशासन ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले पटाखा कारोबारियों पर नकेल कसने की बड़ी तैयारी की है। समय-सीमा (टीएल) पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मिलावटमुक्ति अभियान को और अधिक आक्रामक व प्रभावी बनाया जाए।

इस बार प्रशासनिक सख्ती का नया पहलू यह है कि खाद्य सुरक्षा टीम के साथ-साथ राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें सीधे निर्माण इकाइयों और पटाखा गोदामों पर अचानक छापेमारी करेंगी। पटाखा दुकानों व गोदामों में अग्निशमन और अन्य अनिवार्य सुरक्षात्मक प्रबंध न पाए जाने पर न केवल तत्काल सीलिंग की कार्रवाई होगी, बल्कि अग्निशमन अनापत्ति (NOC) और लाइसेंस भी सीधे निरस्त कर दिए जाएंगे।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए। जनसुरक्षा और शुद्धता को लेकर प्रशासन का यह कड़ा रुख त्यौहारों के दौरान गैर-जिम्मेदार कारोबारियों और लापरवाह तंत्र पर शिकंजा कसने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

पेज एक का शेष

डिजिटल मीडिया में 'रीडर्स ओपिनियन'...

चैनल ने हाल ही में प्रति माह लगभग 5 करोड़ (50 मिलियन) व्यूज का विशाल डिजिटल ट्रैफिक हासिल किया है, जो इंदौर ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के डिजिटल समाचार क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान है। यह उपलब्धि स्पष्ट करती है कि डिजिटल युग में दर्शक अब त्वरित और प्रामाणिक खबरों के लिए 'रीडर्स ओपिनियन' को ही अपनी पहली पसंद मान रहे हैं।

तालाब सूखे, नर्मदा से पानी...

महापौर ने 50 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की है। जीपीएस युक्त टैंकर और ट्यूबवेल सुधार की तैयारी भी चल रही है।



लेकिन सवाल गहरा है। नर्मदा पर निर्भरता बढ़ने के बावजूद स्थानीय तालाबों की उपेक्षा अगर जारी रही तो गर्मी से पहले ही संकट गहरा सकता है। ये जल स्रोत न सिर्फ पानी देते हैं, बल्कि शहर के पर्यावरण और भूजल को संतुलित रखते हैं। अगर देखा जाये तो पिपलियाहाना तालाब की बर्बादी के लिए अधिकारियों के साथ-साथ इंदौर कास हर जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार है क्योंकि सबकी सहमति से ही इस इतने बड़े तालाब की हत्या हुई है। कम वर्षा वाले साल में इनका सूखना चेतावनी है, विकास के साथ संरक्षण भी जरूरी है।

डीएवीवी स्कूल ऑफ एजुकेशन...

यह गंभीर सवाल अभी भी अनुत्तरित है।

जिम्मेदार मरम्मत व मेंटेनेंस के लिए लिखे गए पत्र और उन्ही पत्रों के रिमाइंडर दिखाकर सिर्फ अपना पक्ष मजबूत किये रखने की कोशिश करते हैं। हकीकत यह है कि तत्काल सुरक्षा उपायों की जगह सिर्फ भविष्य के वादे किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन खुद कई पुरानी इमारतों की मरम्मत की जरूरत स्वीकार कर चुका है, फिर भी इस विभाग में स्थिति जस की तस बनी हुई है।

शिक्षा का केंद्र कहलाने वाली जगह पर सुरक्षा की उपेक्षा न सिर्फ लापरवाही है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी।

इंदौर में जल संकट की साफ चेतावनी...

निगम जीपीएस युक्त टैंकरों से आपूर्ति बढ़ाने, नर्मदा पाइपलाइन के रिसाव ठीक करने और जरूरत पड़ने पर निजी नलकूपों के अधिग्रहण की तैयारी कर रहा है। राज्य सरकार से 50 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग भी की गई है। अधिकारी बार-बार याद दिला रहे हैं कि गर्मी आने से पहले ही सतर्कता जरूरी है।

इस जुमाने से साफ है कि प्रशासन अब शब्दों से आगे बढ़कर कार्रवाई पर उतर आया है। नागरिकों को भी समझना होगा कि पानी बचाना अब व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, सामूहिक जरूरत है।

बैटरी चोरी मामला, 'रीडर्स ओपिनियन'...

पकड़े गए आरोपी की शिनाख्त मोहित पिता संजय पाल, निवासी कोयला बाखल (मालवा हॉस्पिटल के पास, महू) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।

स्थानीय निवासियों ने 'रीडर्स ओपिनियन' की इस प्रभावी पत्रकारिता की सराहना की है, जिसके चलते पुलिस ने फौरन एक्शन लिया। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी गई बैटरियों की बरामदगी और उसके अन्य साथियों की सुरागकशी में जुटी है। इस खुलासे के बाद क्षेत्र के चोर-उचक्कों में हड़कंप मच गया है।

मूसाखेड़ी फ्लाईओवर अधूरा...

इसके बाद सर्विस रोड की मरम्मत पर ध्यान दिया जाएगा। एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने निर्माण में तेजी का आश्वासन दिया है। लेकिन जनता का सवाल साफ है, जब तक फ्लाईओवर पूरी तरह तैयार नहीं होता, तब तक नीचे की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए जा रहे? ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और अस्थायी सड़क सुधार के वादे बार-बार दोहराए जाते रहे हैं, पर जमीनी हकीकत अलग दिखती है।

विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उनके दौरान आम आदमी की रोजमर्रा की परेशानी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मूसाखेड़ी से गुजरने वाले यात्री अब इंतजार कर रहे हैं कि फ्लाईओवर जल्द पूरा हो और जाम से मुक्ति मिले। जिम्मेदार विभागों को इस बीच अंतरिम उपायों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा, ताकि विकास का लाभ जनता को बिना अनावश्यक तकलीफ के मिल सके।





मुंबई से मालवा तक लॉरेंस सिंडिकेट के दस्तखत, इंदौर में भी पुलिस हुई सतर्क

इंदौर। रविवार शाम मुंबई के जुहू क्षेत्र में बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। करीब 6 राउंड गोलियों के बीच बाल-बाल बचे टाइगर के चालक और एक राहगीर घायल हुए हैं।

वारदात का एक एक्सक्लूसिव वीडियो सामने आया है, जिसे इत्तेफाक से मौके पर मौजूद एक प्रशंसक ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया था। मामले में राजस्थान की कोटा पुलिस और जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए कोटा रेलवे स्टेशन से तीनों शूटरों को धर दबोचा है। गिरफ्तार आरोपियों में 2 हरियाणा और 1 महाराष्ट्र का रहने वाला बताया जा रहा है, जिन्हें मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले रही है।



सूत्रों के मुताबिक, इस सनसनीखेज वारदात के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का हाथ सामने आ रहा है। हालांकि, खबर की असली गहराई मध्य प्रदेश से भी जुड़ी है।

हाल ही में बिश्नोई गैंग द्वारा इंदौर सहित मालवा अंचल के कई कारोबारियों और प्रमुख हस्तियों को रंगदारी और जान से मारने की धमकियां दी गई थीं, जिसके बाद इंदौर में आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। कोटा से पकड़े गए शूटरों के तार मध्य प्रदेश के लॉरेंस नेटवर्क से भी जुड़ते दिख रहे हैं। फिलहाल इंदौर पुलिस और एमपी इंटेलिजेंस ने अलर्ट मोड पर आकर राज्य में गैंगस्टर सिंडिकेट की गतिविधियों और स्लीपर सेल्स की निगरानी तेज कर दी है।

बाणगंगा पुलिस का बड़ा खुलासा, 4 बाइक जब्त

इंदौर। इंदौर में वाहन चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसकी बानगी बाणगंगा थाना पुलिस द्वारा हाल ही में किए गए एक खुलासे से मिलती है। पुलिस ने मुखबिर तंत्र की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए टिगरिया बादशाह रोड स्थित बिजली घर के पास से एक शातिर वाहन चोर को धर दबोचा, जिसके कब्जे से विभिन्न इलाकों से चुराई गई चार मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश सेन, निवासी दशरथ बाग कॉलोनी के रूप में हुई है, जो पहले गाड़ियां सुधारने का काम करता था।

मामले की शुरुआत 22 अप्रैल 2026 को नंदबाग स्थित एक वाइन शॉप के सामने से बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल चोरी होने से हुई थी। एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि विवेचना के दौरान मिले तकनीकी इनपुट्स और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर सीटी-100 के अलावा सीबी साइन, हीरो होंडा स्प्लेंडर और होंडा साइन जैसी चार गाड़ियां जब्त की गईं, जो बाणगंगा थाने के विभिन्न मामलों से जुड़ी हैं।

हमारी विशेष पड़ताल बताती है कि आरोपी अपने तकनीकी ज्ञान का इस्तेमाल गाड़ियों के लॉक तोड़ने में करता था। पुलिस अब यह खंगालने में जुटी है कि इस वाहन चोर गिरोह में उसके साथ और कौन-कौन शामिल हैं।



महू पहुंचने पर एशियन गेम्स पदक विजेता आर्मी शूटर्स का हुआ भव्य स्वागत

महू। एशियन गेम्स 2026 में जापान के आइची-नागोया में शानदार प्रदर्शन करने वाले दो आर्मी शूटर्स को बुधवार सुबह आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट (एएमयू), महू में गर्मजोशी भरा स्वागत मिला। हवलदार मनीषा कीर, जिन्होंने महिला ट्रैप टीम इवेंट में भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया, और हवलदार कमलजीत, जिन्होंने सुरूची सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में स्वर्ण पदक जीता, दोनों एएमयू में तैनात हैं।

एएमयू कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सी नरेन बाबू, कर्नल अविनाश राणा, कोच सूबेदार मेजर अरशद अली, यूनिट के सीनियर जेसीओ मंगेश माने सहित अन्य अधिकारियों, शूटर्स और कर्मचारियों ने यूनिट गेट पर उनका इंतजार किया। मालाएं पहनाकर और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया। एएमयू प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह यूनिट के लिए गर्व का क्षण था, जो लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करती रही है।

कमलजीत का स्वर्ण एशियन गेम्स रिकॉर्ड स्कोर के साथ आया, जो भारतीय पिस्टल शूटिंग की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। मनीषा कीर की टीम ने रजत पदक हासिल कर देश के मेडल टैली में इजाफा किया। दोनों शूटर्स अब यूनिट में नियमित प्रशिक्षण फिर से शुरू करेंगे। उनकी उपलब्धियों से युवा प्रशिक्षार्थियों और इसी संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे बॉयज व गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी के शूटर्स को प्रेरणा मिलने की उम्मीद है।



एमआर-10 ब्रिज के पास क्राइम ब्रांच की दबिश

1.10 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ खरगोन का तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एमआर-10 ब्रिज के नीचे मेट्रो के पिलर नंबर 409 के पास से एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा, जिसके कब्जे से 11 ग्राम हाई-क्वालिटी एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त इस मादक पदार्थ की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है।

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखकर हाथ में थैला लिए एक युवक संदिग्ध हालत में घबराकर भागने की कोशिश करने लगा। सतर्क टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान 25 वर्षीय अनस खान, निवासी कसरावद (जिला खरगोन) के रूप में हुई।



हमारी विशेष पड़ताल में यह बात सामने आई है कि आरोपी सामान्य तौर पर पतंग बनाने का काम करता था, लेकिन पिछले कुछ समय से वह बाहरी तस्करों के संपर्क में आकर इस अवैध कारोबार में उतर गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध शाखा थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस यह खंगालने में जुटी है कि वह यह खेप किसे सप्लाई करने आया था और मालवा अंचल में उसका मुख्य सप्लायर कौन है।



परंपरा और भव्यता का संगम, महू में 134वें वर्ष 71 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

महू। विजयादशमी के पावन पर्व पर सैन्य नगरी महू के दशहरा मैदान स्थित डिपो के पास 134 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक परंपरा एक बार फिर अपनी पूरी भव्यता के साथ जीवंत हो उठी। संध्या ठीक 7 बजे धार्मिक रीति-रिवाज और आतिशबाजी के बीच 71 फीट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन संपन्न हुआ। इस अलौकिक और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए महू ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

समारोह के दौरान भगवान श्रीराम के स्वरूप द्वारा रावण की नाभि में अग्निबाण चलाते ही पूरा दशहरा मैदान 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। हमारी विशेष पड़ताल के अनुसार, इंदौर-मालवा क्षेत्र में अंग्रेजों के जमाने से निर्बाध रूप से जारी यह रावण दहन की सबसे पुरानी व अनुशासित परंपराओं में से एक है। 134 वर्षों के इतिहास को संजोए इस आयोजन में इस बार पर्यावरण-अनुकूल आतिशबाजी का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर समाज को संदेश दिया कि समय चाहे कितना भी बदल जाए, असत्य और अधर्म पर सत्य की विजय का शाश्वत सिद्धांत हमेशा अटल रहता है।

कनकेश्वरी गरबा में नाबालिग से अभद्रता के आरोप में भाजपा मंडल अध्यक्ष पर पॉक्सो केस

इंदौर। इंदौर के हीरा नगर थाना क्षेत्र स्थित कनकेश्वरी गरबा पांडाल में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कथित अभद्रता और धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने भाजपा के जीजाबाई मंडल अध्यक्ष कमल चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



घटना गुरुवार रात की है। शिकायतकर्ता नाबालिग खटीपुरा निवासी है। वह अपनी बहन को गरबा पास देने पांडाल पहुंची थी। विवाद होने पर चौहान ने कथित रूप से उसे बांह पकड़कर धक्का दिया और पांडाल से बाहर निकाल दिया। वीडियो में लड़की को कहते सुनाई दिया कि उसे हाथ न लगाया जाए। परिवार के सदस्यों के सामने यह सब हुआ। पीड़िता ने हीरा नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर कार्रवाई हुई। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को बताया कि आरोपों की गहन जांच चल रही है। पुलिस बयान दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया तय करेगी। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। भाजपा ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चौहान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और तीन दिन में जवाब मांगा है।

इस बीच कमल चौहान ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यदि वे दोषी पाए जाते हैं तो राजबाड़ा चौराहे पर सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया जाए। उन्होंने कोई अपील या वकील न रखने की बात कही, लेकिन निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि पांडाल प्रबंधन के दौरान विवाद हुआ था और उनका इरादा अभद्रता का नहीं था।

यह मामला गरबा उत्सव के दौरान महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। पुलिस जांच में क्या होता है, ये देखने वाली बात रहेगी।

मामूली कहासुनी के बाद बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स गरबा विवाद

इंदौर। इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित गरबा महोत्सव के दौरान मारपीट की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



शुरुआती पुलिस जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की शुरुआत नृत्य के दौरान केवल एक व्यक्ति को कोहनी लग जाने की मामूली बात से हुई थी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चल पड़े और पंडाल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा मामला संज्ञान में लिए जाने के बाद एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने पुष्टि की कि वीडियो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त वैधानिक एवं निवारक कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, दैनिक समाचार पत्रों में केवल धक्का-मुक्की और पुलिस कार्रवाई की सतही रिपोर्टिंग के बीच हमारी विशेष पड़ताल एक गंभीर व अनदेखे पहलू को उजागर करती है। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद इस प्रतिष्ठित वीआईपी गरबा वेन्यू में निजी बाउंसरों और पुलिस बल का तैनात न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। अचानक पैदा हुए मामूली विवाद पर आयोजकों की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) पूरी तरह नदारद रही, जिससे साधारण कहासुनी ने बड़े बवाल का रूप ले लिया।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस अब केवल मारपीट करने वाले युवकों की ही पहचान नहीं कर रही, बल्कि मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल (SOP) का उल्लंघन करने और बिना पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के हजारों की भीड़ जुटाने को लेकर आयोजन समिति को भी धारा 223 के तहत नोटिस जारी करने की तैयारी में है। त्यौहारों के दौरान इस तरह की अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए अब केवल उपद्रवियों पर ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक लाभ कमाने वाले लापरवाह आयोजकों पर भी शिकंजा कसना बेहद जरूरी हो गया है।

नेमावर रोड का जानलेवा ट्रैफिक, दशहरा मनाने जा रही छात्रा की दर्दनाक मौत

इंदौर। दशहरे के पावन पर्व पर छुट्टियों की खुशी में अपने घर देवास लौट रही 15 वर्षीय छात्रा महिमा की इंदौर के पालदा क्षेत्र स्थित नेमावर रोड पर भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हॉस्टल में रहकर नौवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही महिमा अपने मौसा मूलचंद बघेला के साथ बाइक पर सवार होकर घर के लिए रवाना हुई थी।

हनुमान मंदिर के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिमा सीधे ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। एडी.डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, बाइक चला रहे मौसा मूलचंद ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उनके



सिर में गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

सामान्य दैनिक समाचारों के इतर हमारी पड़ताल नेमावर रोड पर लगातार हो रही इन त्रासदियों के पीछे छिपे प्रशासनिक ढुलमुल रवैये को उजागर करती है। पालदा औद्योगिक क्षेत्र और नेमावर रोड पर भारी मालवाहक ट्रकों की बेलगाम रफ्तार और नो-एंट्री के ढीले नियमों के कारण यह मार्ग अब खूनी कॉरिडोर बन चुका है। इसके अलावा, इस बेहद दर्दनाक हादसे ने दोपहिया चालकों के साथ-साथ पीछे बैठने वाली सवारियों के लिए भी हेलमेट पहनने का नियम सख्ती से लागू करने करने और नागरिकों को स्वयं भी इस और ध्यान देने की जरुरत को एक बार फिर रेखांकित किया है।

प्रोजेक्ट संपूर्ण संबल से बुजुर्गों को मिलेगा नया संबल

इंदौर। इंदौर में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और अकेलेपन से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट संपूर्ण संबल के अंतर्गत सीनियर सिटीजन संबल कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह पहल उन बुजुर्गों पर केंद्रित है, जो शहर में अकेले रहते हैं और जिनके परिजन दूसरे शहरों या विदेशों में बस गए हैं।



बढ़ते शहरीकरण के साथ कई वरिष्ठ नागरिक भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करते हैं। वे अपनी परेशानियां साझा नहीं कर पाते, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इस कार्यक्रम में 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मेडिकल इमरजेंसी में सहायता, नियमित सहयोग और भावनात्मक समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, उनके जीवन के अनुभवों, पारंपरिक ज्ञान और घरेलू नुस्खों को साझा करने का मंच भी तैयार किया जाएगा।

इसके जरिए बुजुर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, आपसी मेलजोल बढ़ाने और सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने का प्रयास है। वे अपनी बात खुलकर कह सकें और अकेलेपन से बाहर निकल सकें। यह कार्यक्रम मौजूदा पुलिस पंचायत जैसी व्यवस्थाओं के साथ मिलकर शहर के वरिष्ठजनों के लिए अधिक सुरक्षित और सहयोगी माहौल बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। पहल के क्रियान्वयन पर नजर रखी जाएगी।



तेजाजीनगर पुलिस ने दिनदहाड़े नकबजनी करने वाली गैंग को किया गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर के तेजाजीनगर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े बंद मकानों और फ्लैटों में चोरी करने वाली तीन सदस्यीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों अजय योगी और अल्तमश मोहम्मद को गिरफ्तार किया, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया। आरोपियों के पास से करीब तीन लाख रुपये मूल्य का सोना-चांदी का माल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी दिन के समय खाली मकानों और फ्लैटों की रेकी करते थे। दो सदस्य ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी करते, जबकि तीसरा मोटरसाइकिल लेकर बाहर इंतजार करता था। कुछ ही मिनटों में वारदात अंजाम देकर भाग निकलते। बरामद माल में सोने के मंगलसूत्र के 15 मोती, चांदी की तीन जोड़ी पायजेब, बच्चों के चार चांदी के कड़े शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के फुटी कोठी मेन रोड स्थित शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर की दानपेटी से नकदी और चांदी के सिक्के चोरी करने की वारदात में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियों के खिलाफ पहले से विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। डीसीपी नरेंद्र रावत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है। यह कार्रवाई शहर में दिनदहाड़े हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



एमजीएम मेडिकल शिक्षकों ने किया 14 मांगों पर आंदोलन का ऐलान

इंदौर। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज और शासकीय डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों ने लंबित एरियर, समयमान वेतनमान, ग्रेच्युटी और पदोन्नति सहित 14 मांगों को लेकर आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में शासन-प्रशासन पर आदेशों के समय पर क्रियान्वयन न करने का आरोप लगाया।

एसोसिएशन के अनुसार 22 से 25 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया जाएगा। 22 से 24 और 27-28 अक्टूबर को दोपहर एक से दो बजे तक प्रदर्शन होगा। इसके बाद 28 और 29 अक्टूबर को रूटीन सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी गई है, हालांकि मरीजों के हित में ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। तीन साल पहले जारी आदेश के बावजूद समयमान वेतनमान का लाभ नहीं



मिला। सातवें वेतनमान के एरियर में असमानता, चार डॉक्टरों को ग्रेच्युटी न मिलना और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पदोन्नति प्रस्तावों का लंबित रहना प्रमुख मुद्दे हैं।

प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े से पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री के ओएसडी रहते वाहन बिल भुगतान की जांच और आंदोलन से जांच प्रभावित करने के आरोपों पर सवाल पूछे गए। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वाहन अनुबंध और भुगतान डीन कार्यालय के माध्यम से हुए, इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं थी। वे सक्षम स्तर पर जांच के लिए तैयार हैं और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का आरोप भी लगाया। एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपने के बावजूद समाधान न होने पर यह कदम उठाया है।

बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में केमिकल फैक्ट्रियों में भीषण आग, दो यूनिट राख



इंदौर। इंदौर में सांवेर रोड पर औरोबिन्दो मेडीकल कॉलेज के पास कालिंदी गोल्ड सिटी के पास बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में रविवार सुबह करीब सात बजे ऑयल-पेंट और केमिकल से जुड़ी तीन फैक्ट्रियों में भीषण आग भड़क उठी। अरविंदो अस्पताल से करीब तीन किलोमीटर अंदर स्थित इस इलाके में आग की शुरुआत एक फैक्ट्री से हुई और ज्वलनशील पदार्थों के कारण तेजी से फैलकर दो अन्य यूनिट्स को भी चपेट में ले लिया। दो फैक्ट्रियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जबकि तीसरी को आंशिक नुकसान पहुंचा।

दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद पानी और फोम का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि किसी भी मजदूर या कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। करोड़ों रुपये के आर्थिक नुकसान की आशंका जताई गई है। पुलिस और दमकल विभाग संयुक्त रूप से घटना की गहन जांच कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों को और सख्त बनाया जा सके।

पुलिस वैन से भागने वाले दोनों आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर में धार जिले के दो आरोपियों ने शनिवार शाम सेंट्रल जेल ले जाते समय चलती पुलिस वैन का पिछला दरवाजा खोलकर राजकुमार ब्रिज के पास कूदकर फरार होने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की तत्परता के आगे उनकी योजना धरी की धरी रह गई। नरेंद्र मेहता और अबरार खान को घटना के कुछ ही घंटों बाद तीन इमली क्षेत्र से फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। भागने के दौरान दोनों को चोटें आई। मेडिकल जांच के बाद उन्हें सुरक्षित जेल भेज दिया गया।



ये आरोपी और दो अन्य आरोपी भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक सीनियर सिटीजन से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार हुए थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिकायत दर्ज हुई थी। चारों आरोपियों को कोर्ट से जेल वारंट मिलने पर सरकारी वैन से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ये दोनों भाग निकले। अन्य दो आरोपी गुलाब सिंह और पप्पू को उसी समय जेल पहुंचा दिया गया था।

एमजी रोड थाने में फरारी का मामला दर्ज हुआ। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को बताया कि तलाश अभियान के दौरान तीन इमली के पास दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस अभिरक्षा से भागने जैसी घटनाओं पर सख्ती बरतते हुए जांच जारी है।



महू के बाजारों में भी इंदौर की तरह लगने लगे ट्रैफिक जाम

महू। इंदौर की तर्ज पर अब सैन्य नगरी महू के मुख्य व्यावसायिक बाजार भी भीषण ट्रैफिक जाम की चपेट में हैं। तंग सड़कों पर चार पहिया वाहनों की बेलगाम आवाजाही, ठेले-गुमटियों का अवैध कब्जा और दुकानदारों द्वारा सड़कों तक सामान फैलाने की होड़ ने पैदल चलना तक दुभर कर दिया है।

लेकिन इस समस्या का सबसे गंभीर पहलू प्रशासनिक तालमेल का अभाव है। कैंटोनमेंट बोर्ड नागरिक सुविधाओं और सड़कों के रख-रखाव के नाम पर पल्ला झाड़ लेता है, जबकि ट्रैफिक पुलिस केवल रस्म अदायगी तक सीमित है। वहीं स्थानीय पुलिस-प्रशासन की शिथिलता से स्थिति और गंभीर हो रही है। हमारी पड़ताल में सामने आया है कि ठेलों और अवैध कब्जों को लेकर उपजे विवाद अक्सर साधारण कहासुनी से बढ़कर लॉ एंड ऑर्डर की बड़ी चुनौती बन रहे हैं। आए दिन होने वाली झड़पें क्षेत्र की शांति भंग कर रही हैं। यदि वक्त रहते कैंट बोर्ड और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई नहीं की, तो यह जाम शहर के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

सिलिकॉन सिटी के आराध्य धाम मंदिर के बाहर सड़क खुदाई से त्योहार में परेशानी

इंदौर। इंदौर के सिलिकॉन सिटी स्थित आराध्य धाम मंदिर के बाहर नवमी और दशहरा से ठीक पहले सड़क की खुदाई का काम शुरू हो गया है। इससे त्योहारों के दिनों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी हो रही है। खुदाई के कारण सड़क पर गड्ढे और अवरोध बन गए हैं, जिससे वाहनों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए आवागमन कठिन हो गया है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी और जिम्मेदार व्यक्ति सार्वजनिक सुविधाओं का ध्यान नहीं रखते। वे आम नागरिकों को हल्के में लेते दिखते हैं। कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या यह काम नवमी से पहले या दशहरे के बाद नहीं करवाया जा सकता था। त्योहारों के दौरान ऐसी खुदाई से लोगों का उत्साह प्रभावित हो रहा है।

मंदिर परिसर के आसपास रोजाना श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क अवरुद्ध होने से न केवल धार्मिक आयोजन प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि रोजमर्रा की आवाजाही भी बाधित हो रही है। निगम से इस संबंध में स्पष्ट समय-सारिणी और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की जा रही है, ताकि त्योहारों में नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

इंदौर में चल रही थी बसों की सघन चेकिंग, नशे में पकड़ा गया ड्राइवर

इंदौर। इंदौर में रविवार सुबह चंदन नगर थाना क्षेत्र में दो बसों की टक्कर की घटना के बाद पुलिस कमिश्नर ने यात्री सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। शहर के चारों जोन में बसों की सघन चेकिंग और शक्ति मोबाइल के जरिए पेट्रोलिंग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान चंदन नगर क्षेत्र में अहमदाबाद जा रही एक बस का ड्राइवर नशे में मिला।



पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए बस को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया और उसके मूल दस्तावेज सुरक्षित रखे। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस संचालक द्वारा दूसरा ड्राइवर भेजे जाने के बाद ही बस को रवाना किया गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को बताया कि नशे में बस चलाना गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। बस संचालकों की जिम्मेदारी भी तय की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार जारी रहेगा। हालिया टक्कर की घटना के बाद शहर भर में बसों की जांच तेज की गई है, ताकि लापरवाही भरे ड्राइविंग पर अंकुश लगाया जा सके और सड़क सुरक्षा मजबूत हो।

अयोध्यापुरी भूमि प्रकरण– अदालती झटके के बाद जागे तंत्र पर कलेक्टर का चाबुक, तहसील से लेकर सहकारिता तक नोटिस

इंदौर। इंदौर के ग्राम खजराना स्थित अयोध्यापुरी की करोड़ों रुपये मूल्य की बहुचर्चित भूमि से जुड़े वाद (सिम्पलेक्स इन्वेस्टमेन्ट एंड मेगा फाइनेंस प्रा.लि. विरुद्ध अनुवि-भागीय अधिकारी व अन्य) में 8 अक्टूबर को आए अदालती निर्णय ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मीडिया में खबरें आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और प्रकरण की पूरी केस फाइल एवं अभिलेखों की सूक्ष्मता से री-ऑडिट व परीक्षण कराया।

जांच में सामने आया कि न्यायालय में पैरवी के दौरान शासन की ओर से केस को मजबूती से प्रस्तुत करने में भारी ढिलाई बरती गई। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने वर्तमान तहसीलदार, उप पंजीयक (सहकारी संस्थाएं) और संबंधित शासकीय अधिवक्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर तय समय-सीमा में जवाब तलब किया है।

अन्य समाचार माध्यम जहां केवल अदालती आदेश की सतही जानकारी दे रहे हैं, वहीं हमारी पड़ताल बताती है कि प्रशासन की आंतरिक जांच का मुख्य फोकस इस बात पर है कि सीलिंग और सहकारिता से जुड़े इस पेचीदा मुकदमे में सरकारी पक्ष कमजोर क्यों पड़ा। यदि अधिकारियों के स्पष्टीकरण में लापरवाही या साठगांठ साबित होती है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तय मानी जा रही है। साथ ही, जिला प्रशासन अब निचले न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए ठोस दस्तावेजों के साथ हाईकोर्ट में अपील दायर करने का खाका तैयार कर रहा है।



Chemistry Nobel's mirror image puzzle: What it means for India and its medicines

Henri Kagan and Kenso Soai won the 2026 Nobel Prize in Chemistry for showing how a tiny molecular imbalance can be amplified. Here is the mirror image puzzle behind it, why scientists call it special, and what it could mean for medicines made in India.

SCIENCE NEWS

Think of the last tablet you swallowed. For many medicines, the molecule doing the work has a twin: the same atoms, joined in the same order, but a mirror image. One form heals. The other may do little, or cause side effects nobody wanted. Your body can tell the twins apart, and so can your nose. One form of a molecule called carvone smells of spearmint. Its mirror image smells of caraway, an aromatic spice. For decades, making only the right twin in a laboratory was a stubborn puzzle.

● KANIKA SINGH

Clocking 150kmph, Mayank Yadav offers India a missing link in T20Is

With India looking to build its pace attack beyond Jasprit Bumrah, Mayank Yadav's raw speed and Prince Yadav's movement and control offer two different options ahead of the 2028 T20 World Cup



SPORTS NEWS

India's T20I era under Shreyas Iyer is gathering momentum. After losing 2-0 in Ireland and 4-0 in England, they have won 10 of their last 11 T20Is, with Sunday's 14-run win over West Indies in Indore the latest. This run has come without Jasprit Bumrah, whose workload is managed with the ODI World Cup in mind. In his absence, Mayank Yadav has been the most exciting quick to step up.

In six spells against Zimbabwe and West Indies, Mayank has taken nine wickets for 182 runs in 22 overs at an economy rate of 8.27.

He gives India something different: an out-and-out quick who can touch 150 kmph. India have had fast bowlers, but rarely a regular, fit option with the raw pace of Jofra Archer, Mark Wood or Anrich Nortje. At that speed, batsmen have less time to settle or commit to a stroke. If Mayank stays fit and works on his control, his pace could give India a weapon they have lacked.

In Indore, Mayank went wicketless for 34, but his first two overs were threatening. He found movement away from right-handers, beat the edges and drew one from Shimron Hetmyer's bat that was dropped. Later, Hetmyer pulled a slower short ball for four, and Sherfane Rutherford hit a missed yorker for six. Mayank's pace troubled the batsmen.

He showed his real attributes in the second game at Ranchi. His 3/36 included wickets of Kamil Pooran and Hetmyer, both against short balls, before he bowled Rovman Powell with a 149.5 kmph delivery that hit off stump. Rutherford then struck two fours and a six.

In Lucknow, Shai Hope attacked his fast and slower balls, while Rutherford picked changes of pace when they landed short or within his reach, hitting boundaries off deliveries at 112-119 kmph. His slower balls proved ineffective when the length gave the batsman time to adjust.

On his return against Zimbabwe after nearly two years away, Mayank took 2/18, dismissing Bennett with his first ball, which moved away, and Myers after beating him at around 145 kmph. He went wicketless in the second match, then took 3/29 in the third.


● JAYESH SURYAWANSHI

Technology News

Artificial Intelligence: Transforming the Future

Artificial Intelligence (AI) is one of the fastest-growing technologies in the world. It is changing the way people learn, work, communicate, and solve problems. AI tools can help users write documents, translate languages, analyze information, create images, and develop computer programs. Many businesses are using AI to improve productivity, reduce repetitive work, and provide better services to customers. In education, AI can support students with personalized learning, while in healthcare, it can assist professionals in analyzing medical information. However, the rapid growth of AI also raises concerns about data privacy, job security, and the responsible use of technology. Experts believe that AI will continue to play an important role in shaping the future, making it essential for people to develop digital skills and understand how to use these tools safely and effectively.

● SHREE KEWAT



AMAZING FACTS

There Are Underwater Waterfalls

Near Mauritius Underwater Waterfall, an optical illusion makes it look like water is falling into the ocean. It is actually caused by sand and silt flowing down the seabed. It's one of the most fascinating natural illusions on Earth.

● JAI PANCHAL

Punjab anti-drug activist's killing: Accused's house razed

The district authorities in Punjab's Mansa on Wednesday demolished a portion of the house belonging to Ashwani Kumar, the medical store owner who fatally shot anti-drug activist Parvinder Singh alias Jhota in broad daylight on Tuesday, officials said.

An excavator razed the front portion of Kumar's residence amid heavy police presence, after information was received about unauthorised construction on the premises, a senior police officer said.

Jhota, known for raising his voice against drug abuse and illegal sale of addictive substances at chemist shops, was shot in broad daylight in a busy marketplace in Mansa on Tuesday.

Kumar, the medical store owner, opened fire on Jhota and his companions, allegedly after they questioned him for selling addictive drugs to an elderly man.

SOCIAL SCIENCE

Ashwani has been arrested in Rajasthan, police said.The shooting left the town simmering with tension as the activist's supporters vandalised the medical shop, while Jhota's family refused to cremate his body in protest.Police on Tuesday arrested an associate of Kumar who helped him escape.

The murder drew widespread condemnation from the opposition leaders, who criticised the AAP government for a "breakdown" in law and order, and the "Jungle Raj" prevailing in the state.They also said that Jhota's killing raised serious questions about the safety of those who raise their voice against the drug menace in Punjab.

● AADYA YADAV

Craftsmen in US use medieval techniques to reconstruct Notre Dame roof supportA full-scale truss fit for the Paris cathedral will be built in Washington, DC this summer as part of a teaching project by Handshouse Studio

ART AND CRAFT NEWS

A team of around 30 young craftsmen in Washington, DC will use 800-year-old woodworking techniques to reconstruct a piece of the fire-damaged roof of Notre Dame cathedral in Paris. As part of a teaching project organised by the Boston-based Handshouse Studio, the group will erect a full-scale truss that will rise more than three storeys high on the campus of Catholic University this August, with the 45-foot by 35-foot support structure moving to the National Building Museum on the National Mall shortly after.

The project is meant to be a "gift" to France and the collective effort to rebuild Notre Dame, and will serve as a living record of tradition techniques.It is also a teachable moment. "We study architectural history through drawings, photographs, and on-site observations, but to study an important work of architecture by reconstructing it dramatically expands one's appreciation for the building and the people who created it," says Mark Ferguson, the dean of Catholic University's School of Architecture and Planning, whose students will be involved in the project. "[It] will bring people together from all walks of life to experience the joy and hard work of crafting a beautiful building.""The loss of the roof during the 2019 fire at Notre Dame was devastating, complete, and more than simply material," says Tonya Ohnstad, Catholic University's associate dean of graduate studies, who will lead a summer course on historic building methods in conjunction with the workshop. "It destroyed a forest of trees, generations of building technology, and an unimaginable amount of human spirit and energy embodied in the timber structure. What an incredible opportunity to be able to be part of the reconstruction, demonstration, and passing on of tectonic knowledge."





The effort is the idea of Rick Brown, who with his wife Laura co-founded Handshouse Studio to teach young architects and craftsman around the world the history of craft. "Before the fire was out, I started getting phone calls," says Brown, who previously spearheaded a similar project to replicate the roof of a 17th century synagogue that was destroyed during the Second World War.For the Notre Dame truss, he and his team have selectively harvested 20 old oak trees from near Lexington, Virginia, with comparable characteristics to the "forest" of 1,300 trees used to construct the roof over the Paris cathedral in the 12th century.

The Virginia logs, which arrived in Washington, DC in mid-July, are being hewn and shaped using handheld tools similar to those once hefted by medieval artisans, following French protocols for the rebuilding effort.



La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU

Senior Luxury Living

SBS Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email:sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्वामी सौरव सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्पेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस केम्पस, पानदा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वर्णिमा सेंगर। मोबाइल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)